भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1651

उत्तर देने की तारीख: 02.03.2020

उत्तराखंड में केन्द्रीय विद्यालय

†1651. एडवोकेट अजय भट्टः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का शिक्षा की स्थिति में सुधार करने के लिए उत्तराखंड के प्रत्येक विकास खंड में 1-2 केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उत्तराखंड में प्रत्येक विकास खंड में केंद्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है; और

(ग) यदि नहीं, तो केन्द्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया कब तक शुरू किये जाने की संभावना है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग) केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केन्द्रीय विद्यालय (केवि) मुख्य रूप से रक्षा कर्मियों सहित स्थानांतरणीय केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा का समान कार्यक्रम प्रदान कर उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव पर तभी विचार किया जाता है, यदि वह मंत्रालय अथवा भारत सरकार के विभागों/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित हो, जिसमें नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए संसाधनों की प्रतिबद्धता के साथ-साथ सरकार का आवश्यक अनुमोदन उपलब्ध हो। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को "चुनौती पद्धति" के तहत अन्य प्रस्तावों के साथ प्रतिस्पर्धा भी करनी होती है।

******